NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No. 112 / NCRES / 19 दिनांक 15.04.2019

श्रीमान मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– गाड़ी संख्या 12205 / 12206 का संचालन आगरा मंडल के मथुरा क्रू से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

पूर्व में गाड़ी संख्या 19669 / 19670 हमसफर एक्सप्रेस UDZ से PPTA तक कोटा के रास्ते चलायी गयी थी, उस समय NCRES के आगरा मंडल द्वारा इस गाड़ी को मथुरा क्रू से कार्य कराये जाने की मांग किया गया था, किन्तु हमसफर एक्सप्रेस को दोनो तरफ से कोटा मण्डल के क्रू द्वारा कराये जाने का आदेश पारित कर दिया गया जो आज भी जारी है।

आपको अवगत कराना है कि आगरा मंडल के द्वारा हमसफर एक्सप्रेस में कोटा का क्रू लगाये जाने के विरोध के बारे में मेरे द्वारा भी आपसे मुलाकात कर चर्चा की गई थी व आपके द्वारा आश्वासन भी दिया गया था कि भविष्य में जो भी नई गाड़ी चलेगी उसे आगरा के मथुरा लाबी के क्रू से कार्य कराया जायेगा।

यहां यह अवगत कराना है कि गाड़ी संख्या 12205 / 12206 देहरादून–नई दिल्ली एक्सप्रेस को कोटा तक बढ़ाया जा रहा है जो शीघ्र ही देहरादून से कोटा तक चलेगी।

अतः संघ का आग्रह है कि गाड़ी संख्या 12205 / 12206 को आगरा मंडल के मथुरा लाबी के क्रू से कोटा–निजामुद्दीन के बीच कार्य कराने का आदेश पारित करने का कष्ट करे जिससे आगरा मंडल के रनिंग स्टाफ को न्याय मिल सके व उन्हे सन्तुष्ट भी किया जा सके एवं कि.मी. बैलेन्सिग के भारी अन्तर में कमी की जा सके।

C/- DS/Agra Divn.
+ WS

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री